दिन– शनिवार दिनांक– 07/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को बिहार दौरे के दौरान जल, सीवरेज और शहरी विकास से जुड़ी सात हजार एक सौ सत्तर करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

02. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हमले में घायल बक्सर जिले के जवान सुनील कुमार सिंह शहीद। पार्थिव शरीर आज पहुंचने की सम्भावना।

03. त्याग और बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा आज पूरे देश और प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का होगा आयोजन। पटना में उन्नीस जून से शुरू होगी प्रतियोगिता।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को अपने बिहार दौरे के दौरान जल, सीवरेज और शहरी विकास से जुड़ी सात हजार एक सौ सत्तर करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री के सीवान में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में एक–एक लाख रूपये की राशि उनके खातों में भेजेंगे।

———————————————————

ऑपरेशन सिंदूर में घायल बक्सर जिले के चौसा निवासी सेना के जवान सुनील कुमार सिंह शहीद हो गये हैं। वे नौ मई को पाकिस्तानी ड्रोन हमले में घायल हुये थे। कल उधमपुर में सेना अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका पार्थिव शरीर आज बक्सर लाया जायेगा।

———————————————————

भारतीय सेना के ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के दौरान सारण जिले के देव किशोर साह का कल राजकीय पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वे बनियापुर प्रखंड के रामधनाव गांव निवासी थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार देव किशोर साह हिमालच प्रदेश के पूह में तैनात थे। ऑपरेशन के दौरान सत्ताईस मई को सर में तेज दर्द होने के बाद उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया गया था, जहां इलाज के

दौरान पांच जून को मृत्यु हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। शहीद के निकटतम परिजन को राज्य सरकार की और से इक्कीस लाख रूपये की राशि का चेक प्रदान किया गया है।

———————————————————————

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन में पारदर्शिता लाएगा। नई दिल्ली में उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि इस पोर्टल की शुरूआत से वक्फ संशोधन कानून को लागू करने की बड़ी प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने किसान उत्पादक संगठन, एफपीओ को खाद–बीज का लाइसेंस दिये जाने के निर्देश दिये हैं। एफपीओ सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान श्री कुमार ने कृषि विभाग के अधिकारियों को ये निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि एफपीओ में पन्द्रह जून तक प्रबंधक और लेखापाल की नियुक्ति कर ली जाएगी।

———————————————————————

केन्द्र सरकार के शहरी और आवासन मंत्रालय ने पटना के नगर निगम बाजार समिति परिसर में बायोगैस प्लांट लगाने की मंजूरी दे दी है। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने बताया कि प्लांट का निर्माण अगस्त महीने से शुरू होने की सम्भावना है। आयुक्त ने कहा कि इसके निर्माण पर पांच करोड़ रूपये की लागत आयेगी। उन्होंने बताया कि इस प्लांट में बाजार समिति से निकलने वाले कचरे और खराब फल–सब्जियों का उपयोग किया जायेगा।

———————————————————————

आवासन और शहरी मामले मंत्रालय ने पूरे भारत में सुरक्षित और मशीनीकृत सीवर और सेप्टिक टैंक सफाई सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मॉडल पैनल और अनुबंध दस्तावेज जारी किए हैं। इनका उद्देश्य स्वच्छता सेवाओं को पेशेवर बनाना, हाथ से सफाई के बजाय मशीनों के उपयोग को बढ़ावा देना और निजी स्वच्छता सेवा संचालकों के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश प्रदान करना है। सफाई मित्र सुरक्षा चुनौती के हिस्से के रूप में इस पहल का लक्ष्य सफाई कर्मचारियों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं और मौतों को रोकना है।

———————————————————————

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण के सिद्धांतों के साथ पिछले एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तनकारी कार्य किए हैं। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों के दौरान प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर प्रसारित कर रहा है। आज, हम बात कर रहे हैं वैश्विक नेतृत्व और स्वच्छ ऊर्जा की।

————————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, एनबीई को तीन अगस्त को एक ही पाली में नीट–पीजी दो हजार पच्चीस की परीक्षा कराने की अनुमति दे दी है। शीर्ष अदालत ने एनबीई को परीक्षा कराने के लिए दो माह का अतिरिक्त समय मांगने पर कड़ी चेतावनी दी। दो सदस्यीय बेंच की पीठ ने निर्देश देते हुये कहा कि तय तिथि में अब कोई बदलाव नहीं होगा।

————————————————————————

मुंगेर जिले में इस वर्ष श्रावणी मेले में कावंरियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किये जायेंगे। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद बताया कि जिले में छब्बीस किलोमीटर लम्बे कावंरिया पथ को दुरूस्त किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेला में कांवरियों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं रहेंगी।

————————————————————————

त्याग और बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा बकरीद आज पूरे देश और प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। ईद उल अजहा हज़रत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की जा रही है। राजधानी पटना स्थित गांधी मैदान में आज सुबह विशेष नमाज अदा की गयी। इधर, बकरीद को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। प्रशासन सोशल मीडिया को लेकर भी विशेष सतर्कता बरत रहा है। बकरीद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून पूर्व बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा और सहरसा समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इधर, मौसम विभाग ने दस से बारह जून तक राज्य के अधिकांश

हिस्सों में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, बारिश की शुरूआत होते ही कृषि विभाग ने किसानों के बीच धान के बीज का वितरण शुरू कर दिया है। पटना जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वर्तमान में किसानों को सबौर श्री और हाईब्रिड धान का बीज दिया जा रहा है।

———————————————————————

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ मरीजों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि अभी तक पैंतालीस कोरोना संक्रमित मिले हैं, जिनमें से सत्रह ठीक होकर अपने घर लौट चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने आईजीआईएमएस, पीएमसीएच, एनएमसीएच और एम्स में कोरोना जांच की अनुमति दी है। इधर, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि कोविड जांच के लिए प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में जल्द ही एक लाख जांच किट उपलब्ध करायी जायेगी।

———————————————————————

बिहार पुलिस के निलंबित एएसआई सरोज सिंह के समस्तीपुर और पटना स्थित ठिकानों पर हुई छापेमारी में एके–सैंतालीस राईफल समेत कई अत्याधुनिक हथियार और करोड़ों रूपए बरामद किये गए हैं। समस्तीपुर संवाददाता ने बताया है कि जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गंगा दियारा स्थित आवास पर पुलिस और एसटीएफ की टीम ने छापेमारी की है। इधर, सरोज सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने उसके पटना और दानापुर स्थित तीन ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान एक करोड़ चालीस लाख रूपए नकद, नोट गिनने की मशीन और दो करोड़ रूपए मूल्य के जमीन के चालीस एग्रीमेंट बरामद किये गए।

———————————————————————

प्रदेश में पहली बार टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरन ने बताया कि बिहार राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन उन्नीस से बाईस जून तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बालक–बालिका तथा पुरुष और महिला एकल वर्ग के टेबल टेनिस मुकाबले होंगे। श्री शंकरण ने बताया कि प्रतिभागी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बारह जून तक निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को अठारह जून को खेल प्राधिकरण में रिपोर्ट करना होगा। प्रतियोगिता का आयोजन जाने–माने टेबल टेनिस खिलाड़ी शरद कमल की देख–रेख में होगा।

———————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित महिला सीनियर और अंडर–ट्वेंटी थ्री टी–ट्वेंटी ट्रॉफी का खिताब बीसीए महिला टीम डी जीत लिया है। विजेता टीम ने फाइनल मुकाबले में बीसीए महिला टीम ई को अट्ठाईस रन से पराजित किया।

———————————————————————

भारत के स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। छत्तीस वर्षीय पीयूष ने बीस वर्षों के अपने कैरियर में घरेलू मैचों के अलावा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तीन टेस्ट, पच्चीस एकदिवसीय और सात ट्वंटी–ट्वंटी मैच खेले हैं।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से मुलाकात की। श्री वेडफुल ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूत समर्थन और एकजुटता की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल ने बर्लिन में जर्मन संसद के उपाध्यक्ष ओमिद नूरीपुर के साथ भी सार्थक बातचीत की।

———————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

कैमूर जिले की एक अदालत ने भभुआ के पूर्व विधायक रामचंद्र यादव समेत चार आरोपियों को जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने के मामले में जेल भेज दिया है। इन सभी पर शांति भंग करने और सरकारी कामकाज में बाधा डालने समेत कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज है।

———————————————————————

अररिया की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी जनिरा और सोनू को आजीवन कारावास और पंद्रह–पंद्रह हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, जिले की चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय ने दस किलो गांजा बरामद मामले में एक आरोपी मुकेश मंडल को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और पचास हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है।

———————————————————————

पटना जंक्शन पर रेल पुलिस ने चोरी के मोबाईल के साथ पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं, पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र की पुलिस ने वाहन के नम्बर में छेड़–छाड़ करने के आरोप में वाहन मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है।

—————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने समस्तीपुर जिले के एएसआई के घर हुई छापेमारी को बड़ी खबर बनाते हुये लिखा है– निलंबित एएसआई के घर से मिली एके सैंतालीस और इंसास।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– विधान परिषद सभापति के कम्प्यूटर से डाटा डिलीट, आर्थिक अपराध इकाई ने शुरू की जांच।

दैनिक भास्कर लिखता है– दुनिया के सबसे ऊंचे पुल से कश्मीर जाना आसान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कटरा श्रीनगर वंदेभारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी।

प्रभात खबर ने ई–पंचायत पोर्टल से पैसों के लेन–देन पर लिखा है– अब चेक से नहीं ऑनलाईन हो रहा भुगतान, बढ़ी पारदर्शिता।

आज अखबार की सुर्खी है– पाक ड्रोन हमले में घायल बक्सर का सपुत्र सुनील यादव शहीद।

—————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस जून को बिहार दौरे के दौरान जल, सीवरेज और शहरी विकास से जुड़ी सात हजार एक सौ सत्तर करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे।

02. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हमले में घायल बक्सर जिले के जवान सुनील कुमार सिंह शहीद। पार्थिव शरीर आज पहुंचने की सम्भावना।

03. त्याग और बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा आज पूरे देश और प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का होगा आयोजन। पटना में उन्नीस जून से शुरू होगी प्रतियोगिता।

—————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।